Rajasthan Patrika

EDII

June 2, 2022
Pg.8

महिला उद्यमी बोलीं -

'धन्यवाद पत्रिका, हमें आगे बढ़ाने के लिए'

बिजनेस ट्रेनिंग के सर्टिफिकेट मिले

पत्रिका बिजनेस बूस्टर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. पत्रिका समूह और एंटरप्रन्योर डवलपमेंट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की ओर से महिलाओं में बिजनेस स्किल्स बढ़ाने के लिए शुरू किए गए 'बिजनेस बूस्टर' कार्यक्रम का बुधवार को समापन समारोह हुआ। वर्चुअल समारोह में सर्टिफिकेट भी दिया गया। करीब 400 महिला उद्यमियों को डिजिटल सर्टिफिकेट भेजे जा रहे हैं। इस दौरान महिला उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें प्रशिक्षण के माध्यम से मैन्यूफेक्चरिंग, मार्केटिंग, ऑनलाइन प्रमोशन, बिजनेस प्लान बनाने सहित उपयोगी जानकारी मिली है, जिससे बिजनेस बढ़ाने में मदद मिली। उन्होंने इसके लिए पत्रिका समूह और ईडीआइआइ का धन्यवाद दिया। जोधपुर निवासी ब्यूटी सैलून संचालक नीतू सोनी एवं सिलाई से जुड़ा व्यवसाय करने वालीं नंद कंवर राठौड़ ने बताया कि ट्रेनिंग का सबसे बड़ा फायदा घरेलू महिलाओं को मिला है। इससे उन्हें मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग जैसे स्किल्स सीखने को मिले। कविता मेघवाल ने बताया कि प्रशिक्षण में बिजनेस बढ़ाने के कई टूल्स सिखाए गए। ईडीआइआइ के कार्यक्रम निदेशक अमित कुमार द्विवेदी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पत्रिका समूह के साथ मिलकर महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की सार्थक पहली की गई। इस अवसर पर पत्रिका के राज्य संपादक (राजस्थान) अमित वाजपेयी ने ईडीआइआइ को धन्यवाद दिया एवं महिलाओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि पत्रिका समूह भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।